an>

Title: Need to provide adequate irrigational facilities to the farmers of Robertsganj Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : अध्यक्ष महोदया, मुझे अतिमहत्वपूर्ण विषय पर शून्य काल में बोलने का मौका मिला है। हमारे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज सोनभद्र में किसान सिंचाई की समस्याओं से काफी परेशान रहते हैं। जबकि देश का किसान अन्न पैदा करता है तथा देश के विकास में सहयोग करता है। हमारे संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज सोनभद्र में सात नदियां गुजरती हैं, फिर भी हमारे क्षेत्र के किसान सिंचाई से वंचित रहते हैं। हमारे क्षेत्र की प्रमुख नदियां, सोन नदी, चन्द्रप्रभा, कर्मनासा इत्यादि नदियां किसानों के खेतों से ऊपर-ऊपर गुजरती हैं, फिर भी क्षेत्र के किसान सिंचाई से वंचित रहते हैं। सोन नदी में 6 लिफ्ट लगा है, जिसमें चार खराब पड़ा है एवं छह लिफ्ट का पूर्ण रूप से खाका तैयार है मगर अभी तक राज्य सरकार द्वारा उसको लगाया नहीं गया है, न तो खराब बन रहा है यदि खराब तथा छह नए लिफ्ट लगाकर धनरौलबंधी में पानी को गिराने से पूरे संसदीय क्षेत्र एवं बिहार तक सिंचाई की समस्याओं का निदान हो सकता है। छोटी लिफ्ट लगाकर नगवां बंधा से करही खलियारीबंधी तक पानी पहुंचाया जाए ताकि वहां के किसानों को सिंचाई का समुचित लाभ मिल सके। मैं पहले भी सदन के माध्यम से इस समस्या को उठा चुका हूं। अतः सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि उक्त परियोजनाओं को चालू कराकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए। महती कृपा होगी।